परिणाम में सुधार के साथ ड्राप आउट रोकने पर किया मंथन

प्रोजेक्ट जूनियर–जी के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। ● डीपीआर

नईदुनिया न्यूज, राजनांदगांव : बोर्ड परीक्षाओं में कमजोर परिणाम को देखते हुए प्रशासन अब उसमें सुधार की कवायद में लगा है। पढ़ाई छोड़ने वाले बच्चों को मुख्य धारा में बनाए रखने की चुनौतियों पर भी काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में बैठक लेकर जिपं की सीईओ सुरुचि सिंह ने शिक्षाधिकारियों के साथ मंथन किया।

प्रोजेक्ट जूनियर–जी के संबंध में प्रशिक्षण दिया। सीईओ ने कहा कि बच्चों के परीक्षा परिणाम में सुधार करने के साथ उन्हें सही दिशा, करियर मार्गदर्शन और ड्राप आउट को रोकने प्रोजेक्ट जूनियर–जी जिले में चलाया जा रहा है। इसके तहत बच्चों की परीक्षाओं में अच्छे परिणाम और पढ़ाई के प्रति जागरूकता लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों का सही मार्गदर्शन करना है, जिससे वे गलत दिशा में न जाएं। इसके लिए कालेज के अच्छे बच्चों को इसमें जोड़ सकते हैं। कालेज के बच्चों को लीडरशिप करने का अच्छा मौका मिल रहा है। कालेज के अच्छे बच्चे जो बड़े भाई और बड़ी बहन की तरह छोटे बच्चों को अपने अच्छे अनुभव को साझा कर सकते हैं, वे विष्य, पढ़ाई और करियर मार्गदर्शन दे सकते हैं।